# सूने जीवन में खुशियों का रंग भर दिया भजन लिरिक्स

सूने जीवन में,
खुशियों का रंग भर दिया,
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया,
दु:ख के बदले में,
तुमने मुझे सुख दिया,
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया।bd।

---

होगी इतनी कृपा,
सोचा ना था कभी,
पहले कुछ भी ना था,
आज कुछ ना कमी,
सूखे होंठों पे भी,
अब तो रहती हंसी,
मेरी मुश्किल को,
तुमने सदा हल किया,
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया।bd।

---

जबसे तेरी नज़र,
श्याम मुझ पे पड़ी,
मेरी सर पे सदा,
रहती मोरछड़ी,
अब तो है खुशनुमा,
ज़िन्दगी हर घडी,
मेरा संकट प्रभु,
तुमने खुद पे लिया,
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया।bd।

---

आपके साथ से,
हो गया हूँ निडर,
आपके होते प्रभु मैं,
ना करता फिकर,
तुमने मुझको,
बिठाया है ऊँचे शिखर,
अवगुण 'मोहित' का,
तुमने प्रभु ढक लिया,
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सूने जीवन में,
खुशियों का रंग भर दिया,
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया,
दु:ख के बदले में,
तुमने मुझे सुख दिया,
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया।bd।

**Singer – Sanjeev Sharma**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com